सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–16.06.2026 को अपराह्न 04:00 बजे से NIC के साथ सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः– पंजी में संधारित।

समीक्षा के क्रम में NIC को निम्नांकित निदेश दिये गयेः–

1. ISTP पोर्टल में Login के उपरान्त ISTP Form में अन्य राज्यों से लदे लघु खनिज वाले वाहनों के बिहार राज्य में प्रवेश करने वाले Preferred Entry District का कॉलम जोड़ा जाय, जिसमें Drop down menu में केवल सीमावर्ती जिलों का ही विकल्प दिया जाय एवं Source जिला, Source राज्य, Entry District, Destination District, Mineral का datewise एवं समेकित प्रतिवेदन स्वतः Generate किया जाय, ताकि विभाग स्तर पर data analysis किया जा सके। ISTP पोर्टल पर डैशबोर्ड में राज्यवार/खनिजवार निर्गत किये गये ISTP से संबंधित आंकड़ा प्रदर्शित करवाने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–NIC)

2. ऐसी शिकायतों प्राप्त हो रही है कि ट्रांजिट पास के वैधता की तिथि में दिनांक– 12.06.2026 की जगह 06.12.2026 तक Generate हो जा रहा है, जिसके कारण खनिज चालान की वैधता के बाद भी ट्रांजिट पास Valid हो जा रहा है। ऐसी शिकायतों का तकनीकी समाधान शीघ्र किया जाय। चूँकि सीमावर्ती राज्यों से आने वाले वाहनों में खनिज चालान परिवहन की वैधता दूरी के आधार पर 12 घंटे से 72 घंटे तक होने की संभावना रहता है। इसलिए ट्रांजिट पास भी खनिज चालान की वैधता की समय–सीमा के अनुसार Generate हो, इसे सुनिश्चित किया जाय।

(अनुपालन–NIC)

3. अन्य राज्यों से रेलवे के द्वारा बिहार राज्य में लघु खनिज परिवहन करने के लिए ट्रांजिट पास निर्गत करने के संबंध में ISTP पोर्टल में आवश्यक व्यवस्था विकसित करने का निदेश दिया गया। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूरा करना सुनिश्चित किया जाय।

(अनुपालन–NIC)

4. RMS सर्वर के मेंटेनेंस आदि होने के कारण ट्रांजिट पास निर्गमन प्रभावित होता है एवं इससे राजस्व प्रभावित होता है। अतएव वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् SBI बैंक के Payment

Scanned with OKEN Scanner

Gateway को एकीकृत करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने एवं प्रस्ताव पर वित्त विभाग की सहमति प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–निदेशक, खान / श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0))

6. अन्य राज्यों के खनिज परिवहन चालान से ISTP पोर्टल में Automatic Data प्राप्त करने हेतु लघु खनिज के प्रमुख निर्यातक राज्यों को खनिज परिवहन के लिए ई–चालान के प्रणाली का API प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0)

7. ट्रांजिट पास से दिनांक 10.06.2026 से 16.06.2026 तक प्राप्त राशि की ISTP पोर्टल से विवरणी प्राप्त कर उक्त राशि का मिलान / सत्यापन वित्त विभाग से कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–श्री आनद प्रकाश, सहायक निदेशक (मु0)

8. अन्य बिन्दुः–

- रेलवे रैक से लघु खनिज यथा बालू, पत्थर आदि का व्यवसाय करने वाले भंडारण अनुज्ञप्तिधारी के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करने का निदेश दिया गया। मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुमोदन होने के उपरान्त NIC के Software में सभी आवश्यक तैयारी / व्यवस्था एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–सभी सहायक निदेशक (मु0) / NIC)

- खननसाफ्ट से ई–चालान निर्गत होने में हो रही परेशानियों की समीक्षा / अनुश्रवण कर सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही दिनांक 16.06.2026 से 15.10.2026 तक बालूघाटों के Secondary Loading Point से भण्डारित बालू के विक्रय / प्रेषण हेतु Software में आवश्यक व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– NIC)

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0 / –
(अवनीश कुमार सिंह)
सचिव

सं0सं0:– प्र0–IV / NIC–(ई–चालान)04 / 2025 / 3926 एम0, पटना, दिनांक :– 19.06.2026
प्रतिलिपि :– प्रोजेक्ट हेड, NIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के अपर सचिव

Scanned with OKEN Scanner

सं०सं०:— प्र०—IV / NIC—(ई—चालान)04 / 2025 / 3726 एम०, पटना, दिनांक :— 19.06.2026

प्रतिलिपि :— सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव / निदेशक कोषांग / तकनीकी कोषांग / आई०टी० प्रबंधक खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

Scanned with OKEN Scanner